# स्वास्थ्य शिविर में 135 मरीजों को मिला लाभ



**पीपुल्स प्रवक्ता, नरसिंहपुर।**
स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित शंकराचार्य नेत्रालय द्वारा श्री गणेश देवस्थानम सिद्धपीठ में निःशुल्क नेत्र जांच व परामर्श शिविर में 135 जरूरतमंद लाभान्वित हुए। श्री द्वारका पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी की प्रेरणा से सिद्धपीठ के संस्थापक स्व. कृष्ण कुमार जी पुरोहित की पुण्य स्मृति में उक्त जनहितैषी गणनायक फाउंडेशन ने आयोजित किया। जांच में इनका रहा योगदान नेत्रालय स्टॉफ के दीपक सराठे (केम्प प्रभारी), उमेश प्रजापति, अफताब खान, झलकन प्रजापति, ऋषभ बैरागी, शुभम पटेल के अलावा गौरव रैकवार, अनुसुइया मेहरा व देवाशीष पुरोहित का विशेष योगदान रहा। शिविर में मोतियांबिन्द के 22, नाखूना के 3 व अक्सूर के 2 मरीज मिले। जिन्हे नेत्रालय द्वारा बस सेवा से झोंतेश्वर अस्पताल ले जाकर उपचार व आपरेशन किया जाएगा।

जहां लेंस, चश्मा, भोजन सहित आवागमन निःशुल्क रहेगा। आगुतकों का स्वागत व आभार प्रदर्शन आयोजन के प्रमुख सूत्रधार सुशान्त पुरोहित ने किया। पूर्व में भगवान गजानन का पावन अभिषेक आचार्य कृष्णकांत उदेनिया, पं विनोद मिश्रा ने किया गया।

### मप्र वक्फ बोर्ड का बड़ा फैसला

# सभी वक्फ कमेटियों के खुलेंगे बैंक खाते आर्थिक पारदर्शिता की दिशा में बड़ा कदम

**पीपुल्स प्रवक्ता, देवास।**
मप्र वक्फ बोर्ड ने वर्षों से चल रही आर्थिक अनियमितताओं और भ्रष्टाचार की शिकायतों पर सख्त रुख अपनाते हुए एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल के निर्देश पर राज्य की 15008 वक्फ कमेटियों के बैंक खाते अनिवार्य रूप से खोले जाएंगे, जिससे अब वक्फ संपत्तियों से जुड़ा सारा वित्तीय लेनदेन पारदर्शी और ऑनलाइन माध्यम से होगा। मध्यप्रदेश में लगभग 15 हजार वक्फ संपत्तियाँ पंजीकृत हैं, जिनके प्रबंधन की ज़िम्मेदारी अलग-अलग स्थानीय वक्फ कमेटियों पर है। अभी तक अधिकांश कमेटियों के पास बैंक खाता न होने के कारण वित्तीय लेन-देन नकद रूप में होता था, जिससे बड़े पैमाने पर अनियमितताओं और भ्रष्टाचार की शिकायतें मिलती रही हैं। बोर्ड द्वारा की गई गहन पड़ताल में यह तथ्य सामने आया कि बिना बैंक खाते के कमेटियों द्वारा किया जा रहा प्रबंधन न केवल अपारदर्शी है, बल्कि इससे बोर्ड को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है।

इस समस्या को सुलझाने के लिए बोर्ड अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल ने अपनी टीम के साथ सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के ज़ोनल हेड और मैनेजमेंट से कई दौर की चर्चा की। इस प्रक्रिया में मध्यप्रदेश शासन के प्रमुख सचिव और वरिष्ठ अधिकारियों का भी सहयोग प्राप्त हुआ। इन प्रयासों का नतीजा यह रहा कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने बोर्ड के इतिहास में पहली बार अपनी सभी शाखाओं को निर्देशित करते हुए सर्कुलर जारी किया है कि वे वक्फ बोर्ड की वैधानिक कमेटियों के बैंक खाते प्राथमिकता से खोलें। वे सभी वक्फ कमेटियां जो अब तक तकनीकी या प्रक्रियागत कारणों से बैंक खाता नहीं खुलवा पा रही थीं, वे अब इस सर्कुलर के आधार पर अपने जिले की सेंट्रल बैंक शाखा में जाकर खाता आसानी से खोल सकेंगी। बोर्ड ने यह स्पष्ट किया है कि बैंक खाता खोलने के बाद सभी आर्थिक गतिविधियाँ उसी खाते के माध्यम से की जाएंगी, जिससे भविष्य में धन का दुरुपयोग रोका जा सकेगा और वक्फ संपत्तियों का लाभ समाज के हित में पारदर्शी रूप से प्रयोग किया जा सकेगा।

## बीएड छात्रों का विदाई समारोह कार्यक्रम संपन्न

**पीपुल्स प्रवक्ता, देवास।** शासकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय देवास में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी बी एड के छात्राध्यापकों का विदाई समारोह संपन्न हुआ। महाविद्यालय के अभिजीत सिंह बैस ने बताया कि सत्र 2023-25 के छात्राध्यापकों का बी एड प्रशिक्षण पूरा होने पर सभी छात्रों को महाविद्यालय परिवार द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर वार्षिक उत्सव की विभिन्न क्रीड़ा एवं साहित्यिक सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में विजेता छात्रों को महाविद्यालय के प्राचार्य अभय कुमार तोमर द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# राष्ट्रीय रेफरी ने दिए जू-जित्सु खेल की उच्च तकनीक के प्रशिक्षण



**पीपुल्स प्रवक्ता, देवास।**
खेलगांव देहरिया साहू में मध्य प्रदेश जू-जित्सु संघ के मार्गदर्शन में जिला जू-जित्सु संघ देवास द्वारा 13वी जिला स्तरीय जू-जित्सु प्रतियोगिता का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता के साथ-साथ जिला स्तरीय स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम का भी आयोजन किया गया, जिसमें जिला भर से आए 145 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में अंतर्राष्ट्रीय कोच विजेंद्र खरसोदिया (एनआयएस) एवं रोहिणी कलम के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय रेफरी वैदेही शर्मा एवं वेदांत खरसोदिया ने खिलाड़ियों को आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण देकर प्रतियोगिता को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। उनके दिशा-निर्देशन में प्रतिभागियों को खेल की बारीकियों एवं तकनीकी कौशल की विशेष जानकारी दी गई। आयोजक वेदांत खरसोदिया ने बताया कि प्रतियोगिता जिला जूजित्सु संघ देवास की सचिव रश्मि कलम एवं आयोजक अध्यक्ष अजय कुंभकार के मार्गदर्शन में राज्य स्तरीय निर्णयको द्वारा प्रतियोगिता को विभिन्न वजन समूहों एवं आयु वर्गों में आयोजित की गई थी, जिसमें देवास जिले से देवास, बागली, हाटपिपलिया, शिप्रा सोनकच्छ, खातेगांव, टोंकखुर्द के खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमें से विजेता खिलाड़ियों का चयन आगामी 11वीं राज्य स्तरीय जू-जित्सु प्रतियोगिता, भोपाल के लिए किया गया है।

## 48 वीं राज्यस्तरीय जूनियर बास्केटबॉल चेम्पियनशिप में देवास जिला को रजत पदक

**देवास।** जिला बास्केटबॉल संघ सचिव संजय पाटिल ने बताया कि आई टी एम यूनिवर्सिटी ग्वालियर में दिनांक 23 जून से 28 जून तक मध्यप्रदेश बास्केटबॉल संघ द्वारा आयोजित 48 वीं राज्यस्तरीय जूनियर बास्केटबॉल चैंपियनशिप मे देवास जिला बास्केटबॉल टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का खिताब अपने नाम किया,एवं रजत पदक जीता। गत वर्ष आयोजित राज्यस्तरीय स्पर्धा में देवास बास्केटबॉल टीम विजेता रही थी। अपने लीग मैच मुकाबले में देवास टीम ने जाफ जबलपुर टीम को 57-35 से, भोपाल डिस्ट्रिक्ट को 49-27 से, वही क्वार्टर फाइनल में रीवा को 62-39 से एवं सेमीफाइनल में आर सी सी भोपाल को 52-34 से हराया। फाइनल में साई सेंटर जबलपुर की टीम से कड़ा मुकाबला करते हुए 39-31 के स्कोर के साथ उपविजेता होने का खिताब अपने नाम किया। इस स्पर्धा से चयनित खिलाड़ी सितंबर में लुधियाना (पंजाब) में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय जूनियर बास्केटबॉल स्पर्धा में भाग लेंगे।

## ओवरब्रिज निर्माण से हो रही भारी परेशानी को लेकर हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर

**देवास।** समाजसेवी एवं आरटीई एक्टिविस्ट मनोज श्रीवास्तव द्वारा एबी रोड (देवास से इंदौर) पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज के कारण उत्पन्न हो रही समस्याओं जैसे-अत्यधिक ट्रैफिक जाम, एम्बुलेंस व आवश्यक सेवाओं की आवाजाही में बाधा, आम नागरिकों की सुरक्षा और जान-माल को हो रहे खतरे को लेकर मध्यप्रदेश हाईकोर्ट, इंदौर खंडपीठ में जनहित याचिका (पीआयएल) 24924/2025 हाईकोर्ट एडवोकेट अक्षत पहाड़िया के माध्यम से दायर की गई है। याचिका के माध्यम से मांग की गई है कि जब तक निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो जाता, तब तक वैकल्पिक ट्रैफिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# सांसद साहू के नेतृत्व में किया गया वृक्षा-रोपण, पौधे और पाठ्य सामग्री वितरण

## प्रतिवर्ष अनुसार वृक्षारोपण की हुई शुरुआत, पाठ्य सामग्री और पौधे पाकर बच्चे हुए प्रसन्न

**पीपुल्स प्रवक्ता, पांढुर्णा।**
हर साल की तरह इस बार भी पांढुर्णा क्षेत्र में वृक्षारोपण का महा अभियान शुरू हो चुका है। इस मुहिम में स्कूली बच्चे वृक्ष मित्र की भूमिका निभा रहे हैं। विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से शासकीय स्कूलों में अध्यनरत बच्चों को स्कूल परिसर में वृक्षारोपण के पश्चात प्रत्येक बच्चे को पौधे उपहार स्वरूप दिए जाते हैं साथ ही इन बच्चों को कॉपीया ज्ञानवर्धक किताबें और पेंसिल, इरेजर व शार्पनर का सेट भेट किया जाता है। इस वर्ष इस मुहिम की शुरुआत छिंदवाड़ा पांढुर्णा सांसद श्री विवेक बंटी साहू के हंसते सोमवार को की गई। यह आयोजन ट्री बैंक, पानी बचाओ मुहिम तिगांव , मीडिया संगठन मध्यप्रदेश जिला इकाई पांढुर्णा, संत श्री तुकाराम महाराज कुनबी समाज संगठन पांढुर्णा, ग्राम पंचायत मांडवी (मोहि) , शासकिय माध्यमिक शाला मोही के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ था। जिसमें बड़ी संख्या में प्राथमिक और माध्यमिक शाला के छात्र छात्राएं, स्टाफ और इन संस्थाओं के पदाधिकारी सहित ग्राम वासी मौजूद रहे।




छिंदवाड़ा से खंडवा पदयात्रा पर निकले सांसद श्री विवेक बंटी साहू जी के हस्ते मोही में वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम माध्यमिक शाला मोही घाटी परिसर में आयोजित हुआ जिसमें प्राथमिक स्कूल के भी छात्र-छात्रा है मौजूद रहे। दोपहर में आयोजित इस कार्यक्रम में सांसद महोदय द्वारा विद्यालय परिसर में अशोक के पौधे को रोपा। साथ ही विद्यालय में मौजूद छात्र-छात्राओं को पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से वृक्षारोपण हेतु पौधे वितरित किए। जिसके साथ बच्चों को पाठ्य सामग्री की कीट भी वितरित की गई। लोक सभा क्षेत्र की युवा सांसद विवेक बंटी साहू की मौजूदगी में किट और पौधे पाकर बच्चों के चेहरे की मुस्कान साफ झलक रही थी। वृक्षारोपण और पार्टी सामग्री वितरण के इस वर्ष के अभियान में भी लगभग 1000 पौधे और पार्टी सामग्री किट वृक्षारोपण के साथ-साथ बच्चों को बाटी जाएगी। इस आयोजन को सफल बनाने में ट्री बैंक, पानी बचाओ मुहिम तिगांव , मीडिया संगठन मध्यप्रदेश जिला शाखा पांढुर्णा, संत श्री तुकाराम महाराज कुनबी समाज संगठन पांढुर्णा, ग्राम पंचायत मांडवी (मोहि) , शासकिय मिडल स्कूल मोही के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ था। कार्यक्रम के दौरान पानी बचाओ मुहिम के अरविंद बंडू वालके, भूपेंद्र बेले, निलेश हीवसे, दिनेश हीवसे, किसना वानखड़े, लक्ष्मण साबले, मीडिया संगठन मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष गया प्रसाद सोनी, संभागीय अध्यक्ष राम ठाकरे, पांढुर्णा जिला अध्यक्ष गौरव बावनकर, नगर अध्यक्ष अर्पित गडकरी, तहसील उपाध्यक्ष पवन चौकीकर, संतोष खरवड़े, देवेंद्र गोखे, ग्राम पंचायत मांडवी के वरिष्ठ रामचंद्र कुमरे, उपसरपंच रवि महाले, सचिव मुकुंदा बागडे, तिगांव स्कूल के जनशिक्षक सुरेश अंबुलकर , रंजना उईके , राजकुमार चौधरी, चंद्रा कवडेती , संगीता बरडे, संत श्री तुकाराम महाराज कुनबी समाज संगठन पांढुर्णा के अध्यक्ष रामराव टोनपे, सचिव वासुदेव भीसे, उपाध्यक्ष सुरेश तिडके, भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष अनिल चौधरी, रमेश चौधरी, जयेंद्र बांबल, रविन्द्र दलवी, सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिगांव के प्राचार्य मनोज ठाकरे, आचार्य पवन डोंगरे, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बाला ठाकरे, श्याम ठाकरे, उत्तम झा के अलावा पंच और ग्रामवासी मौजूद रहे।

# सेवानिवृत्तियों एसपी ने दी गई भावभीनी विदाई

**पीपुल्स प्रवक्ता, दतिया।**
कल सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सेवा निवृत्त हुये 07 पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों के लिये विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार वर्मा ने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों से नौकरी के दौरान उनके अनुभवों को भी साझा किया।



इस मौके पर एसडीओपी बड़ौनी विनायक शुक्ला, रक्षित निरीक्षक सौरभ तिवारी सहित कार्यालयीन स्टाफ एवं सेवानिवृत हुए पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी व उनके परिजन उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत्त हो रहे पुलिसकर्मियों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर उनके बेहतर स्वास्थ्य व उज्जवल भविष्य की कामना की। पुलिस अधीक्षक दतिया द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों से उनकी सेवाकाल के दौरान किये गये कार्यों की जानकारी ली। सेवानिवृत हुए पुलिस कर्मीयों में कार्य. उ.नि. हिम्मत भदौरिया थाना इंदरगढ़, कार्य. उ.नि. जितेन्द्र कुशवाह पुलिस लाइन दतिया, कार्य. उ.नि. शिरोमणि यादव डी.एस.बी. शाखा दतिया, कार्य. सउनि. रघुवीर सिंह पुलिस लाइन दतिया, कार्य. सउनि. श्रीकांत मिश्रा पुलिस लाइन दतिया, कार्य. सउनि. अजमेर सिंह एसडीओपी कार्यालय सेवढ़ा, कार्य. प्र.आर. गणेश प्रसाद पुलिस लाइन दतिया शामिल है।

# पुलिस ने पत्नी की हत्या करने वाला आरोपी को किया गिरफ्तार

**पीपुल्स प्रवक्ता, दतिया।** वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में महिला संबंधी एवं गंभीर अपराधों के निराकरण हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान कल दिनांक 30/06/2025 को थाना पंडोखर के अपराध क्रमांक 93/25 में आरोपी राजेश जाटव पुत्र कमलेश जाटव उम्र 34 साल निवासी ग्राम सोहन को गिरफ्तार किया गया। आरोपी राजेश पर अपनी पत्नी की चरित्र के संदेह को लेकर हत्या करने का आरोप है।मुखबिर से प्राप्त सूचना पर से ग्राम कुरगांव से फोर्स की मदद से धर दबोचा बाद में आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। घटना में




प्रारंभ में मृतिका के पति एंव परिजनों द्वारा करंट लगने से मृत्यु होना बताया तथा सीधे सिविल अस्पताल दतिया में इलाज के बहाने से ले जाया गया। पंडोखर पुलिस द्वारा घटना की हर एंगल से पूरी वारिकी से जांच की गई। मृतिका के तीन वर्षीय पुत्र के बाल कल्याण अधिकारी के संरक्षण में लिये गये कथन एंव पीएम रिपोर्ट में प्राप्त हुई जानकारी के अनुसार आरोपी राजेश जाटव द्वारा ही अपनी पत्नी ज्योति जाटव की गला घोट कर हत्या करना पाई गई।

जिस पर से अपराध क्रमांक 93/25 धारा 103(1) BNS पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। कल दिनांक 30.06.25 को पंडोखर पुलिस को बड़ी सफलता उस वक्त मिली जब मुखबिर की सूचना पर से ग्राम कुरगांव से सुबह 10.00 बजे आरोपी राजेश उर्फ बच्ची जाटव पुत्र कमलेश जाटव उम्र 34 साल नि0 ग्राम सोहन को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म स्वीकार किया एंव घटना में प्रयुक्त रस्सी को जिससे उसने अपनी पत्नी का गला घोंटा था को पुलिस द्वारा जप्त किया गया । बाद आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक रिपुदमन सिंह राजावत थाना प्रभारी थाना पंडोखर, सहायक उपनिरीक्षक शैलेंद्र कौरव, प्रधान आरक्षक अनिल तोमर प्रधान आरक्षक राहुल यादव प्रधान आरक्षक राहुल सिकरवार आरक्षक मुनेश आरक्षक भानु कौरव , आर0 हिमांशु , आर. चालक रोहित की सराहनीय भूमिका रही।

### भूमि अधिग्रहण को लेकर किसान परेशान

# भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने किया सर्वे

**पीपुल्स प्रवक्ता, देवास।**
इंदौर के विकास के लिए देवास के किसान की जमीन का अधिग्रहण किया जाना है जिसे लेकर किसान चिंतित है। भारतीय किसान यूनियन (सूर्यवंशी) देवास , अपने क्षेत्र के किसान भाईयो की साथी है। 29 जून को मध्य प्रदेश अध्यक्ष सपना भरोसिया, जिला अध्यक्ष चेतन जैन के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों द्वारा क्षिप्रा एवं जिला देवास के अन्तर्गत आने वाले गांव नारायण गढ़, कुमारिया, नागोरा, एवं पार्वतीपुरा गांव में किसान समस्या का सर्वे किया। जहाँ किसान भाईयों, महिलाओं, बच्चों एवं वरिष्ठ व्यक्तियो से मुलाकात की, उनकी तकलीफों को उनके दर्द को हमने महसूस किया। किसान भाई हमारे अन्नदाता



है और हम कई पीढ़ियों से उनके ऋणी है आज उन्हें हमारी जरूरत है। राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज ने भी किसान भाईयों से फोन पर बात की उनका मनोबल बढ़ाया एवं उन्हे आश्वस्त किया कि वे अकेले नहीं है, संगठन उनके साथ है हम उनके अधिकार की लड़ाई लड़ने के लिये तैय्यार हैं जल्दी ही समस्या को लेकर उच्च स्तरीय बैठक की जावेगी। किसान की जमीन का अधिग्रहण अर्थात उनके रोजगार संसाधनो का अधिग्रहण है। किसान के खेत, खेत मे लगे बोरिंग कुँवे पानी की लाईन खेत तक जाने की सडक, गोडाउन, मकान, कच्चे मकान, पशु विश्राम स्थल आदि स्थिर संसाधनो का भी अधिग्रहण सरकार को जमीन के साथ करना ही होता है। जमीन नही होगी तो किसान खेती कहाँ करेगा , कई वर्षो से निरंतर परिश्रम करके किसान उपजाऊ भुमि तैयार करता है एक सरकारी फरमान कृषक को भुमि त्याग करने पर मजबुर करता है ऐसे मे प्रशासनिक स्तर पर किसान समस्या को हल करने, एवं न्यायोचित मुआवजे के लिये चर्चा की जायेगी।

किसानो की समस्या एवं समाधान को लेकर विचार विमर्श किया गया। इंदौर विकास के अंतर्गत शिप्रा क्षेत्र की जमीन अधिग्रहण को लेकर जिला उपाध्यक्ष विजय चौधरी ने क्षेत्रिय किसानो की भूमी अधिग्रहण की समस्या के विषय मे बताया प्रदेश अध्यक्ष सपना भरोसिया के माध्यम से मुख्यमंत्री मोहन यादव को किसानो की समस्याओं से अवगत कराया जाएगा।

# स्वर संचार समूह द्वारा युगल गीतों का आयोजन संपन्न




**पीपुल्स प्रवक्ता, देवास।**
स्वर संचार समूह द्वारा युगल गीतों का आयोजन जिस दिन से मैंने तुमको देखा हैं।29 जून रविवार को अभिनव कला समाज इन्दौर में सफलतापूर्वक संपन्न हुवा। यह आयोजन मुख्य आयोजक और संयोजक दिनेश कुमार बावने एवं सहसंयोजक रामकुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व में माता सरस्वती पूजन के साथ किया गया । संगीत प्रेमियों से खचाखच भरें हाल में स्थापित गायकों एवं गायिकाओं द्वारा एक से बढ़कर एक शानदार और यादगार युगल गीतों की प्रस्तुतियाँ पेश की गई। ग

## खण्डवा से मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण निगम मे देखा गया

**पीपुल्स प्रवक्ता, देवास।** शासन द्वारा जलगंगा संवर्धन अभियान अन्तर्गत नगर निगम द्वारा शहर के दो प्रमुख जल स्त्रोत मीठा तालाब व नया राजानल तालाब का उन्नयन कर इस संरचनाओं को नवीन स्वरूप प्रदान करने मे मीठा तालाब के पाल पर पींचींग का कार्य कर विकसित किया गया है साथ ही नया राजानल तालाब पर तार फेंसिग व प्रकाश व्यवस्था का कार्य किया गया। शासन द्वारा म.प्र. मे 1 मई से 30 जन तक चलाये गये जलगंगा संवर्धन अभियान मे प्रदेश की मुख्य जलसंरचनाओं मे शहर की इन दोनो जलसंरचनाओं का लोकार्पण प्रदेश केम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा खण्डवा से वर्चुअली कार्यक्रम के अन्तर्गत किया गया। खण्डवा से प्रसारित वर्चुअली कार्यक्रम को निगम बैठक हाल मे महापौर श्रीमती गीता दुर्गेश अग्रवाल, विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, निगम लोक निर्माण समिती अध्यक्ष गणेश पटेल के द्वारा उपस्थित होकर देखा गया।